**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने ही गृह क्षेत्र में पूरी नहीं की एक भी चुनावी गारंटी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–कांग्रेस सरकार गिराने की साजिश रचने के मुख्य सूत्रधार है जयराम ठाकुर।
- निर्वाचन विभाग को मिली चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की एक हजार चार सौ 6 शिकायतों में से एक हजार दो सौ 35 का निपटारा।
- प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड ने विभागीय परीक्षाओं की तिथियों में किया बदलाव।

-----------------------------------------------------

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अभी तक अपने ही गृह क्षेत्र नादौन में एक भी चुनावी गारंटी पूरी नहीं कर पाए हैं। ऐसे में वह पूरे प्रदेश के साथ कितना न्याय करेंगे इस बात का स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है। नादौन और झंडुता विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की महिलाएं आज भी 15 सौ रूपए सम्मान राशि, किसान दो रूपए किलो गोबर और सौ रूपए लीटर दूध तथा युवा एक लाख नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीते वर्ष प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा में हिमाचल कांग्रेस सरकार के निकम्मेपन का गवाह बना। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार आपदा में देव भूमि की चिंता छोड राहत की बंदर बांट में उलझी रही। इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा में हिमाचल का हाथ थामा और एक हजार सात सौ 62 करोड़ रूपए की फौरी मदद जारी की।

**सुक्खू**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश रचने के मुख्य सूत्रधार नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हैं। मुख्यमंत्री ने आज बिलासपुर, घुमारवीं और झंडुता विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के छः और तीन निर्दलीय विधायक भाजपा के पास बिके हैं। इसके बावजूद ये लोग उप चुनाव में नहीं जीतेंगे। उन्होंने कहा कि

भाजपा ने बिके हुए और निर्दलीय विधायकों को मजबूरी में पार्टी में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि सरकार के पास पूर्ण बहूमत है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार में प्रदेश की जनता की संपदा को लूटा गया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर की शुक्र और पुंग खड्डों से खनीज संपदा लूटने वालों पर सरकार ने शिकंजा कसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं की पैंशन रूकवाने के लिए भाजपा चुनाव आयोग पर लगातार दबाव बना रही है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि अटल टनल रोहतांग के बनने से लाहौल स्पिति की तकदीर बदली है और अब मनाली आने वाला पर्यटक सीधा लाहौल पहुंच रहा है। लाहौल घाटी के उदयपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर जीतकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चार सौ पार के नारे को साकार करेगी। जयराम ठाकुर ने बाद में मंडी में 24 मई को होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली की तैयारियों का जायजा भी लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की रैली से कांग्रेस को पता चल जाएगा की भाजपा के साथ कितना बड़ा जनसमर्थन है। पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत ने इस मौके पर कहा कि देश की महिलाओं के उत्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन से आज भारत गंदगी मुक्त हुआ है। कंगना ने प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र के विकास के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देन बताया और कहा कि वह सांसद बन कर जनजातीय क्षेत्रों में ईको टूरिजम को बढ़ावा देंगी और अनछुए पर्यटक स्थलों को विकसित किया जाएगा।

**इंडी गठबंधन**

प्रदेश में इंडी गठबंधन के नेताओं ने एनडीए और भाजपा पर देश में साम्प्रदायिक ध्रुविकरण करने और जनता से किए गए वायदों को पूरा न करने का आरोप लगाया है। इंडी गठबंधन के नेता व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, माकपा नेता राकेश सिंघा और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप राठौर ने शिमला में एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में दावा किया कि देश में अब तक हुए पांच चरणों के चुनाव में परिवर्तन की लहर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि संविधान और धर्म निरपेक्षता में भरोसा रखने वाले प्रगतिशील दल भाजपा के खिलाफ लामबंद हुए हैं। इंडी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने का वायदा किया था लेकिन इसे आज दिन तक पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र ने एमआईएस के तहत 15 सौ करोड़ रूपए के बजट प्रावधान को समाप्त कर प्रदेश के बागवानों पर कुठाराघात किया है। गठबंधन के नेताओं ने केंद्र सरकार पर हिमाचल के आय के स्रोंतो को खत्म करने का भी आरोप लगाया।

**निपटारा**

राज्य निर्वाचन विभाग को प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के उपरांत अभी तक एक हजार चार सौ 6 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से विभाग ने एक हजार दो सौ 35 शिकायतों का समाधान कर दिया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में कहा कि अब तक प्राप्त शिकायतों में

से 88 प्रतिशत का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ये शिकायतें टोल फ्री नम्बर जिला संपर्क केंद्रों नोडल अधिकारियों और सी–विजिल एप्प के माध्यम से प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि स्पीति के काजा में भाजपा की चुनाव रैली में बाधा डालने की शिकायत की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ नोटिस जारी किए गए हैं।

**विक्रमादित्य**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार व लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने आशंका जताई है कि प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आते ही कर्मचारियों के लिए लागू की गई ओल्ड पैंशन स्कीम को बंद कर दिया जाएगा। बल्ह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने राजस्थान में सत्ता में आते ही ओपीएस को बदं कर दिया है। विक्रमादित्य सिंह ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर महिला सम्मान राशि मामले में बेवजह अडंगा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस इस योजना को बंद नहीं होने देगी और लोकसभा चुनाव के बाद दो महीने की सम्मान राशि एक साथ पात्र महिलाओं को दी जाएगी। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि उनका एक मात्र लक्ष्य मंडी संसदीय क्षेत्र को आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाना है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार कंगना रणौत को इतिहास की कोई जानकारी नहीं है और उन्हें जो स्क्रिप्ट लिखकर दी जा रही है कंगना उसे ही पढ़ रही है।

**विभागीय परीक्षा**

हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा और अन्य सभी राजपत्रित अधिकारी और पात्र अराजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया गया है। अब ये परीक्षाएं पहली जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित होंगी। पहले ये परीक्षाएं एक जुलाई से 9 जुलाई तक निर्धारित की गई थी। विभागीय परीक्षा बोर्ड के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने आज शिमला में कहा कि इन परीक्षाओं का आयोजन संशोधित समय सारिणी के अनुसार राजकीय महाविद्यालय संजौली में होगा। उन्होंने कहा कि पेपर संख्या एक वित्तीय प्रशासन के लिए मण्डी और धर्मशाला में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र मानव संपदा पोर्टल से 24 जून के बाद डाउनलोड कर सकते हैं।

**पोस्टल बैलेट**

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आईटीआई चौड़ा मैदान शिमला में पोस्टल बैलेट के आदान–प्रदान के लिए बनाए गए स्टेट लेबल क्लीयरिंग सेंटर में आज सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों के पोस्टल बैलेट का आदान प्रदान किया गया। इस मौके पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने पोस्टल बैलेट के आदान प्रदान के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा प्राधिकृत नोडल अधिकारियों और सहायक नोडल अधिकारियों को इस कार्य को ध्यान पूर्वक करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी

इस बात का विशेष ध्यान रखें की जितने पोस्टल बैलेट का वास्तविक रूप में आदान प्रदान किया गया है उतने की ही एंट्री ऑनलाईन होनी चाहिए।

## साईकिल रैली

हिमाचल प्रदेश साईकलिंग एसोसिएशन मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए 26 मई को प्रदेश के 10 जिलों में साईकिल रैली का आयोजन करेगी। ये साईकिल रैली हर जिला में 15—15 किलोमीटर की दूरी तक निकाली जाएगी और इस दौरान साईकिल सवार मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। एसोसिएशन के प्रवक्ता विपुल सूद ने शिमला में कहा कि ये रैली शिमला, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, चंबा, सोलन, लाहौल स्पिति, बिलासपुर, सिरमौर और हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। साईकिल रैली के दौरान कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। इनमें नारा लेखन, सबसे आकर्षक साईकलिंग पोषाक, सबसे आकर्षक साईकिल, सबसे कम उम्र का पुरूष अथवा महिला साईकिल सवार और सबसे बुजुर्ग पुरूष और महिला साईकिल सवार शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि इस रैली के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है।